बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-04
01/01/2020

मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामना देने बड़ी तादाद में पहुॅचे लोग

पटना, 01 जनवरी 2020 :– आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को नववर्ष की शुभकामना एवं बधाई देने के लिये सरकार के कई मंत्री, विधायक, विधान पार्षद, अन्य अति विशिष्ट व्यक्तिगण तथा आमजन पहुॅचे। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर लोगों की बधाइयॉ एवं शुभकामनायें स्वीकार की तथा उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें भी दी।

बधाई एवं शुभकामना देने वालों में बड़ी संख्या में नवयुवक, महिलायें तथा वृद्ध भी शामिल थे। मुख्यमंत्री को बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री बिनोद नारायण झा, समाज कल्याण मंत्री श्री रामसेवक सिंह, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, विधायक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, पूर्व विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ब्यासजी, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्री ओ0पी0 साह, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार उर्फ छोटू सिंह, श्री ओम प्रकाश सेतु, विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, वरीय पुलिस अधिकारी सहित बड़ी तादाद में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कैलेण्डर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ब्यासजी, सदस्य श्री उदयकांत मिश्रा मौजूद थे।

******